RAISINA BENGALI SCHOOL
CLASS : 5
CHAPTER : 3
HINDI

INSTRUCTIONS :-

- Note Down all the work given in your Notebooks.

पाठ - 3

चाँद वाली अम्मा

गृहकार्य निर्देश :- नीचे दिए गए प्रश्न-उत्तर व शब्दार्थ अपनी कॉपी में लिखे व याद करें।

शब्दार्थ :-

शरारत = बदमाशी, शैतानी
कामकाज = अनेक काम
घूरघूर देखना = गुस्से में देखना
हरकत = शरारत
क्रम = सिलसिला
आव देखा न ताव = बिना सोचे समझे
ताकत = बल शक्ति
वार किया = मारा
रस्सा कशी = खींचा-तानी
झट = तुरंत

प्रश्न - 1 लघु उत्तरीय प्रश्न -

(क) अम्मा पानी कहाँ से लाती थीं ?
उ० अम्मा पानी कुएँ से भरकर लाती थीं।

(ख) अम्मा कहाँ झाड़ू लगाती थीं ?
उ० अम्मा रोज़ सुबह उठकर अपने घर में झाड़ू लगाती थीं।

(ग) उन्हें कौन रोज़ टक्कर मारता था ?
उ० उन्हें रोज़ आसमान टक्कर मारता था।

(घ) आसमान ने क्या पकड़ लिया ?
उ० आसमान ने झाड़ू पकड़ लिया।

(ङ) अम्मा झाड़ू क्यों नहीं छोड़ना चाहती थीं ?
उ० अम्मा झाड़ू इसलिए नहीं छोड़ना चाहती थीं क्योंकि अम्मा के पास एक ही झाड़ू थी।

प्रश्न-2 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

(क) अम्मा कौन-कौन से काम करती थीं?
उ० अम्मा कुएँ से पानी भरकर लाना, घर में झाड़ू लगाना, खाना बनाना आदि काम करती थीं।

(ख) आसमान बार-बार आकर अम्मा की कमर से क्यों टकराता था? तुम्हें क्या लगता है?
उ० आसमान को अम्मा को तंग करने में बड़ा मज़ा आता था। इसलिए वह बार-बार उनकी कमर से टकराता था।

(ग) आसमान ने जब अम्मा की झाड़ू पकड़ी, तब क्या हुआ?
उ० आसमान ने जब अम्मा की झाड़ू पकड़ी, तब दोनों में रस्साकशी शुरू हो गई। झाड़ू का ऊपर वाला हिस्सा आसमान पकड़े हुए था तो नीचे वाला अम्मा, दोनों छोड़ने को तैयार नहीं थे। रस्साकशी करते हुए अम्मा थक गई। अब वह झाड़ू के साथ ऊपर उठने लगीं। अम्मा अब झाड़ू नहीं छोड़ सकती थी, क्योंकि वह बहुत ऊपर पहुँच चुकी थी। तभी उसे वहाँ चाँद दिख गया। झट अम्मा ने पैर बढ़ाया और चाँद पर चढ़ गई।

Thank you